# हिन्दी

**Set-6 : 2018**
**801 (HF)**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[पूर्णांक : 70*

**नोट :** प्रारम्भ के **15** मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

1. (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1
   - (i) धर्मवीर भारती रीतिमुक्त काव्यधारा के प्रमुख कवि हैं।
   - (ii) 'कुटज' डॉ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी का प्रसिद्ध निबन्ध है।
   - (iii) 'उजली आग' यशपाल का निबन्ध-संग्रह है।
   - (iv) 'डॉ0 नगेन्द्र' ख्यातिप्राप्त उपन्यासकार हैं।

   (ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1
   - (i) 'मकरंद बिन्दु' (ii) 'चतुर चंचला'
   - (iii) 'राज्यश्री' (iv) 'रसवन्ती'

   (ग) 'सुल्ताना' के उपन्यासकार का नाम लिखिए। 1

   (घ) किसी एक रिपोर्ताज लेखक का नाम लिखिए। 1

   (ङ) 'मतवाला' पत्रिका के सम्पादक का नाम लिखिए। 1

2. (क) प्रयोगवादी काव्यधारा के किन्हीं **दो** कवियों के नाम लिखिए। 1+1

   (ख) द्विवेदी युग की कविता की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 1+1

   (ग) डॉ0 रामकुमार वर्मा की एक रचना का नाम लिखिए। 1

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2

   (क) <u>हमलोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप का चाहे उस रूप</u>

का करें– चाहे राक्षस बनावें, चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं; क्योंकि हमें उनकी हर एक बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। पर ऐसे लोगों का साथ करना और बुरा है, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं; क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई दबाव है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) कैसे लोगों का साथ करना बुरा है?

(ख) दुनिया के सभी भागों में स्त्री-पुरुष और बच्चे रेडियो से कान सटाए बैठे थे, जिनके पास टेलीविजन थे, वे उसके पर्दे पर आँखें गड़ाए थे। मानवता के सम्पूर्ण इतिहास की सर्वाधिक रोमांचक घटना के एक क्षण के वे भागीदार बन रहे थे–उत्सुकता और कुतूहल के कारण अपने अस्तित्व से बिल्कुल बेखबर हो गये थे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) रोमांचक घटना के भागीदार कौन बन गये थे?

4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्यगत सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 1+4+1

(क) सीस जटा, उर बाहु बिसाल, बिलोचन लाल, तिरीछी सी भौंहे।
तून सरासन बान धरे, तुलसी बन-मारग में सुठि सोहैं।।
सादर बार हि बार सुभाय चितै, तुम त्यौं हमरे मन मोहैं।
पूछति ग्राम बधू सिय सों कहो साँवरे से सखि रावरे कोहैं।

(ख) "निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम स्थल।
जीव जहाँ से फिर चलता है,
धारण कर नव जीवन-संबल।।
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें,
श्रम से कातर जीव नहाकर।
फिर नूतन धारण करता है,
काया-रूपी वस्त्र बहाकर।।"

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी **एक** रचना का नाम लिखिए : 2+1

(i) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(ii) जय प्रकाश भारती

(iii) जयशंकर प्रसाद।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2+1

(i) सुभद्रा कुमारी चौहान

(ii) सुमित्रानन्दन पन्त

(iii) बिहारी लाल।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

इमानि यन्त्राणि अत्र केवलम् इदं विज्ञापयितुं प्रचलन्ति यद् अन्यस्य कस्यचित् लोकस्य मानवः इदं तथ्यं जानीयात् अस्माकं सन्देशं च गृहणीयात्। अचिरमेव इदं सर्व स्वयमेव विनङ्क्ष्यति।'' एवं विज्ञाप्य सः ध्वनि सहसा विरतः तत्र कोऽपि महान् घर्घरनादः च उत्थितः। अहमपि भूमौ अपतम्। तदा मया ज्ञातं यद् अहम् एकं विचित्र स्वप्नम् अपश्यम्।

***अथवा***

''धान्यानामुत्तमं दाक्ष्यं धनानामुक्तमं श्रुतम्।
लाभानां श्रेयमारोग्यं आरोग्यं सुखानां तुष्टिरुक्तमा।।''

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

(i) कुत्र मरणं मंगलं भवति?

(ii) 'भारतम् एकम् राष्ट्रम् इति' कस्य उक्तिः?

(iii) विश्वस्य स्रष्टा कः?

(iv) सः पर्यटकः अन्तरिक्षं केन यानेन अगच्छत्?

8. (क) करुण रस **अथवा** हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) उपमा **अथवा** रूपक अलंकार की परिभाषा एवं उसका उदाहरण लिखिए। 2

(ग) 'रोला' **अथवा** 'सोरठा' छन्द का लक्षण एवं उदाहरण दीजिए। 2

9. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से **एक-एक** शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

(i) कु (ii) बे (iii) प्र

(iv) वि (v) उप (vi) अभि।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके **एक-एक** शब्द बनाइए : 1 + 1

(i) आनी (ii) आकू (iii) वान्

(iv) त्व।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए : 1 + 1

(i) स्वर्ण-कलश (ii) मीनाक्षी (iii) शताब्दी

(iv) यशोधन।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

(i) नारियल (ii) अमिय (iii) पोथी

(iv) मूस।

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1+1

(i) कोयल (ii) वज्र (iii) कपड़ा

(iv) अतिथि (v) वानर।

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1+1

(i) पित्रादेशः (ii) नारी + उपदेशः

(iii) उष्ण + ओदनम् (iv) दधि + आनय।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति बहुवचन में लिखिए : 1 + 1

(i) फल **अथवा** मति

(ii) अस्मद् **अथवा** तद् (पुल्लिंग)।

(ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए: 2

(i) हसावः (ii) पश्यानि (iii) पठेः

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 2

(i) भिक्षुकों को दान दो।

(ii) वे दोनों पाठशाला गये।

(iii) मेरे मित्र ने चलचित्र देखा।

(iv) हम सब भारत के नागरिक हैं।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

(i) सब पढ़ें सब बढ़ें

(ii) शिक्षा में दर्शन का महत्त्व

(iii) शिक्षा का व्यवसायीकरण

(iv) जल ही जीवन है।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

(क) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश लिखिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस का चरित्रांकन कीजिए।

(ख) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर नवम सर्ग का वर्णन कीजिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघनाद-प्रतिज्ञा' का वर्णन कीजिए।

(ग) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'राजभवन' में वर्णित घटनाओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' के पंचम सर्ग 'वनगमन' का सारांश लिखिए।

(घ) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के नायक गाँधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के प्रतिपाद्य विषय (उद्देश्य) को समझाइए।

(ङ) (i) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के 'चिन्ता' पंचम सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के 'लक्ष्मी' (द्वितीय) सर्ग का सारांश लिखिए।

(च) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य में व्यक्त राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए।

(छ) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग (संकल्प) का सारांश लिखिए।

(ii) 'चन्द्रशेखर आजाद' उत्कृष्ट देश प्रेमी थे।'' खण्डकाव्य के आधार पर पुष्टि कीजिए।

(ज) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण द्वारा 'कवच कुन्डल दान' का वर्णन कीजिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए।

(झ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर राजसूय यज्ञ का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर जरासंध वध का वर्णन कीजिए।



Gyansindhu Coaching Classes

Explained:~
By Arunesh Sir